कार्यालय संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश

अति आवश्यक

क्रमांक 85
भोपाल, दिनांक 31-1-2020

प्रति,

कलेक्टर (समस्त)
मध्यप्रदेश

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नये प्रकार का कोरोना वायरस (Novel corona virus 2019-ncov) से निमोनिया के प्रकरण पाये गये है। आज दिनांक 31.01.2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे Public Health Emergency of International Concern घोषित किया गया है। कोरोना वायरस फैमिली के वायरस से सामान्य सर्दी--खांसी, MERS व SARS जैसी गंभीर बीमारियां होती है। यह बीमारी खांसने–छिकने, छुने व सम्पर्क करने से मनुष्य से मनुष्य में फैलती है।

Noval Corona Virus (n-Cov) बीमारी से चीन ज्यादा और 20 अन्य (परिशिष्ट–अ) देश संक्रमित है। अतः जरूरी है कि प्रभावित देशों से आने वाले विदेशी पर्यटक/यात्रियों जो होटलों में ठहरते है, उनका इस बीमारी की जांच हेतु सतत् निगरानी और ब्लड टेस्टींग की जानी है, जिससे संभावित मरीजों का पता लगाया जा सके।

आपके द्वारा निर्देशित किया जावे कि प्राईवेट होटल असोसीएशन के अंतर्गत होटलों में प्रभावित देशों से आने वाले पर्यटको की जानकारी (लाईन लिस्ट–परिशिष्ट–ब एवं सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म–परिशिष्ट–स) राज्य सर्विलेन्स इकाई, आई.डी.एस.पी., संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं के ई–मेल आई.डी. **idspssu@mp.gov.in** पर भेजे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस प्रकार निर्देश दिये जावे कि Noval Corona Virus (n-Cov) बीमारी के संबंध में सतत् निगरानी रखी जावे, तथा होटलों एवं प्राईवेट होटल असोसीएशन के अंतर्गत आने वाले सभी होटलों को इस बीमारी के लक्षण व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जावे, जो निम्नानुसार है :–

**Noval Corona Virus (n-Cov) बीमारी के लक्षण :–**

- तेज बुखार (>38°C), खाँसी, गले में खराश, साँस फूलना।
- लक्षण प्रकट होने के पहले 14 दिन के भीतर चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर की यात्रा की हो।

निरतर........

**Novel Corona Virus (nCov)** बीमारी से बचाव के उपाय :-

- खांसते, छीकते समय मुंह या रूमाल कपड़ा आदि लगाये या कोहनी से नाक मुंह को ढके।
- सर्दी-खांसी से संक्रमित व्यक्तियों के सम्पर्क से दूर रहे।
- खाना खाने से पहले व बाद में, शौचालय का उपयोग करने के उपरांत एवं नाक-मुह साफ करने के बाद अच्छी तरह से हाथ धोए।
- पशुओं एवं उनके अपविष्ट छुने उपरांत अच्छी तरह से हाथ धोए।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

(प्रतीक हजेला)
वि.क.अधि.सह.स्वास्थ्य आयुक्त
मध्यप्रदेश